मध्यप्रदेश विधान सभा

जनवरी–अप्रैल, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 26 फरवरी, 2001 (फाल्गुन 7, 1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन का उल्लेखः–

(1) इन्द्रजीत गुप्त, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री, तथा
(2) श्री भागवत साबू, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री घनश्याम पाटीदार, राज्यमंत्री सामान्य प्रशासन, जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 (4) की अपेक्षानुसार महाकाल मंदिर दुर्घटना जांच आयोग का प्रतिवेदन दिनांक 31 दिसम्बर, 1999 द्वारा श्री आर. के. वर्मा, सेवा निवृत्त न्यायमूर्ति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय (शासन के संकल्प सहित) पटल पर रखेंगे.

4. नियम 138(1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) डॉ. ढालसिंह बिसेन, श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, श्री कंकर मुंजारे, सदस्य, सिवनी एवं बालाघाट जिले में धान की खरीदी बंद किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री सेवाराम गुप्ता, सदस्य, मुरैना जिले के बानमोर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित उद्योगों द्वारा प्रदूषण फैलाये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

5. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 300–धार से निर्वाचित सदस्य, श्री करन सिंह पवार को विधान सभा के जनवरी–अप्रैल, 2001 सत्र में 15 दिनों तक सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

6. राज्यमंत्री आदिम जाति कल्याण का वक्तव्य

श्री प्रताप सिंह उइके, राज्यमंत्री आदिम जाति कल्याण, दिनांक 9 फरवरी, 1999 को पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 27 (क्रमांक–1208) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

7. वर्ष 2001–2002 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 25 फरवरी, 2001